लाज रख लीजिये बाबा | By Vikas Dua

लाज रख लीजिये बाबा खाटू के धणी
कोई संगी ना सहारा भारी विपदा बनी

जग स्वार्थी बड़ा है ये मतलब निकाले
मारे नफरत के भाले ज़ख्म जाए न संभाले
मेरी दुखो की कहानी किसी ने भी ना सुनी
लाज रख लीजिये बाबा खाटू के धणी

मेरे तो नसीब हारे तुम हो हारे के सहारे
दौड़े आते हो सांवरिया जो भी मन से पुकारे
आओ नीले पे दिखाओ आके झलक अपनी
लाज रख लीजिये बाबा खाटू के धणी

करो माफ़ मेरी भूल दुआ करना कबूल
शूल रस्ते में बिछे हैं बाबा बना देना फूल
की हैं गलतियां सरल ने बाबा थोड़ी घनी
लाज रख लीजिये बाबा खाटू के धणी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%9c-%e0%a4%b0%e0%a4%96-%e0%a4%b2%e0%a5%80%e0%a4%9c%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-by-vikas-dua/